त्रैमासिक परीक्षा 2017-2018

हिन्दी भाषा

कक्षा : V

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें – [12]

(क) बरसात का मौसम आपको कैसा लगता है ? इस मौसम के लाभ और हानियों का वर्णन करें।

(ख) टी. वी. (दूरदर्शन) देखना आपको क्यों पसंद है। टी. वी. पर आप कैसे कार्यक्रमों को देखना पसंद करते हैं? किसी एक कार्यक्रम के बारे में बताएँ कि वह आपको क्यों सबसे अधिक पसंद है ?

(ग) शहर में लगने वाले 'डिजनीलैंड' मेले का वर्णन करें।

(घ) गर्मी की छुट्टियाँ आपने किस प्रकार बिताईं ? अगर आप कहीं घूमने गए तो वहाँ आपने क्या-क्या देखा और क्या-क्या किया ?

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें। [10]

आवेदन पत्र – अपने चाचा जी की शादी में जाने के लिए पाँच दिनों का अवकाश (छुट्टी) माँगते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

निजी पत्र – गर्मी की छुट्टियों में साथ – साथ (प्रोजेक्ट) परियोजना बनाने का आग्रह करते हुए मित्र को पत्र लिखें।

3. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें।

एक गाँव में एक किसान रहता था। उसके पास एक गाय, एक बछड़ा और एक बकरा था। किसान जितना अच्छा चारा दाना बकरे को देता था, उतना अच्छा गाय और बछड़े को नहीं देता था। किसान के इस व्यवहार से दुःखी होकर एक दिन बछड़े ने बड़े उदास मन से गाय से कहा – "माँ तुम दूध देती हो। किसान को खेती-कार्य के लिए पशु देती हो। किसान का इतना उपकार करती हो, फिर भी हमको सूखी घास मिलती है और यह बकरा कुछ भी नहीं देता किन्तु इसको अच्छा खाना मिलता है। ऐसा भेदभाव तथा अन्याय क्यों ?

माँ ने समझाते हुए कहा कि – "बेटा, भलाई इसी में है कि थोड़ा लिया जाए और अधिक दिया जाए। सब कुछ दान कर देना ही बुद्धिमानी है क्योंकि स्वार्थ के लिए किए गए दान के बदले किसी चीज की प्राप्ति की इच्छा करना ही वास्तविक अन्याय है।" माँ की यह बात बछड़े को समझ नहीं आई।

दूसरे दिन बछड़े ने देखा किसान छुरी (चाकू) लेकर उसकी ओर आ रहा है, वह डर डर कर अपनी माँ के समीप आ गया। माँ ने समझते हुए कहा कि – "धीरज रखो, घबराओ मत। यह छुरी (चाकू) तुम्हारे लिए नहीं है। यह छुरी उसी के लिए है, जिसने मुफ्त का माल खाया है।"

थोड़ी देर बाद बकरे के गले पर छुरी चल रही थी और माँ की बात बछड़े को अब समझ आ रही थी। यह कहानी यही शिक्षा देती है कि त्याग की भावना से ही किसी कार्य को करो, अर्थात् जियो और जीने दो। आवश्यकता से अधिक लालच न करो।

Downloaded From :www.icseboard.org

(क) किसान के पास कौन-कौन से पशु थे? उनमें से वह किसे अच्छा खाना देता था ? [3]

(ख) एक दिन बकरे ने दुःखी मन से अपनी माँ से क्या पूछा ? [3]

(ग) गाय ने बछड़े को क्या समझाया ? [3]

(घ) कौन डर गया ? डरने पर माँ ने क्या समझाया ? [3]

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें तथा किसी एक शब्द से वाक्य बनाएँ - [3]
समीप, इच्छा, उपकार

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें : (शब्द उतारें) [7]

उत्साह, आदर, मंजूर, ईमानदार, बलवान, सुपुत्र, धनी

5. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें : (शब्द उतारें) [5]

मित्र, जंगल, पानी, ईश्वर, तालाब

6. निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें : (शब्द उतारें) [3]

(क) उतर -
उत्तर -

(ख) पूछ -
पूँछ -

(ग) बाग -
बाघ -

7. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें : [4]

(क) जिसका कोई आकार हो -

(ख) जिसमें कम बल हो -

(ग) जो अपने देश का हो -

(घ) जो खेती करता है -

8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर, किन्हीं दो मुहावरों से वाक्य बनाएँ - [4+3]

(क) चहल-पहल होना -

(ख) गले लगाना -

(ग) फूला न समाना -

(घ) थक कर चूर होना -

9. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनकर उनके भेद लिखें : [2+4]

(क) खली प्रसिद्ध पहलवान है ।

(ख) कुछ खिलाड़ी खेल रहे हैं ।

Downloaded From www.icseboard.org

(ग) कमीज में दो मीटर कपड़ा लगेगा।

(घ) यह कार सचिन की है।

10. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों से विशेषण शब्द बनाएँ (शब्द उतारें) **[4]**

सुख, रोग, नमक, रंग

11. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें : **[7]**

(क) बरसात में चारों तरफ हरियाली छाई रहती है। (संज्ञा शब्द चुन कर भेद लिखें)

(ख) चूहा कपड़े कुतर रहा है। (लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)

(ग) पेड़ से पत्ता गिर रहा है। (वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें)

(घ) तुम क्या पढ़ रहे हो ? (सर्वनाम शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ङ) मैडम कुरसी पर बैठी हैं। (क्रिया शब्द चुनकर भेद लिखें)

(च) राहुल ने मेरा सहायता किया। (वाक्य शुद्ध करें)

(छ) त्यौहार, परिक्षा (शब्दों को शुद्ध करें।)

Downloaded From www.icseboard.org